Bureau of Energy Efficiency
Ministry of Power, Government of India

# Electric Water Heater (Geyser)

| Short Title | Clause of EC Act,2001 | Notification/ Regulation/ Amendment &Date | ReferenceIS/ IEC Standards |
|---|---|---|---|
| Electric Water Heater (Geyser) | 14 (b) | S.O. 2901(E) dated 7th September, 2016 | IS 2082:1993 and IS 302-2-21: 2011 With all amendments |
| | 14 (a) | S.O. 2902(E) dated 7th September, 2016 | |
| | 14 (a) Amendment I | S.O. 1385(E) dated 2nd May, 2017 | |
| | 14 (a) Amendment II | S.O.6308 ( E ) dated 24th December, 2018 | |
| | 14 (a) Amendment III | S.O.4486(E) dated 10th December, 2020 | |
| | 14 (a) Amendment IV | S.O.5776(E)dated 9th December,2022 | |
| | 14(d) | No. BEE/S&L/Water Heater/3/2015-16 | |
| | 14 (d) Amendment I | No.BEE/S&L/WaterHeater/3/2022-23 | |

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2202] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 8, 2016/भाद्र 17, 1938
No. 2202] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 8, 2016/BHADRA 17, 1938

## विद्युत मंत्रालय
## अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 सितम्बर, 2016

का.आ. 2901(अ) .—केन्द्रीय सरकार ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खण्ड (ख) और (घ) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के साथ परामर्श से एतद्वारा घरेलू तथा समान प्रयोजनों के लिए 200 लीटर तक के एकल चरण विद्युत भंडार किस्म के पानी के हीटर निर्दिष्ट किया जाता है और यह पानी को उबलने के तापमान से कम गर्म करने के लिए आशयित है, इनका रेटेड वोल्टेज 250 वोल्ट से अधिक नहीं होता, अर्थात् :

(क) बंद वॉटर हीटर :

(ख) सिस्टर्न - फेड वॉटर हीटर;

(ग) सिस्टर्न - वॉटर हीटर का प्रकार;

(घ) खुले - आउटलेट वाले वॉटर हीटर; और

(ड.) वेंटिड वॉटर हीटर

उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए और निदेश दिया जाता है कि ऐसे अन्य उपकरण या ब्रिक्री के लिए विनिर्मित किए जा रहे या बेचे या खरीदे या आयात किए जा रहे उपकरणों के वर्ग पर इस प्रकार लेबल पर विवरण प्रदर्शित किए जाएंगे ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (पानी के हीटर के लेबलों पर उनके प्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियमन, 2016 में विनिर्दिष्ट किए गए हैं।

[फा. सं.13/14/2014-ईसी. पी-II]

राज पाल, आर्थिक सलाहकार

## MINISTRY OF POWER

## NOTIFICATION

New Delhi, the 7th September, 2016

**S.O. 2901(E).—**In exercise of the powers conferred by clauses (b) and (d) of section 14 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), the Central Government in consultation with the Bureau of Energy Efficiency, hereby specifies following single phase electric storage water heaters up to 200 litre, for household and similar purposes and intended for heating water below boiling temperature, their rated voltage being not more than 250 V, namely:—

(a) Closed waters heaters:

(b) Cistern-fed water heaters;

(c) Cistern-type water heaters;

(d) Open-outlet water heaters; and

(e) Vented water heaters,

for the purposes of the said Act and directs that any such appliances or class of appliances being manufactured or sold or purchased or imported for sale shall display such particulars on labels in such manner as specified in the Bureau of Energy Efficiency (Particulars and Manner of their Display on Labels of Stationary Storage Type Electric Water Heater) Regulations, 2016.

[F. No.13/14/2014-EC.P-II]

RAJ PAL, Economic Advisor

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2203] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 8, 2016/भाद्र 17, 1938
No. 2203] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 8, 2016/BHADRA 17, 1938

## विद्युत मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 सितम्बर, 2016

**का.आ. 2902(अ).**—केन्द्रीय सरकार, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के साथ परामर्श से स्टार लेबल युक्त विद्युत भंडार किस्म के पानी के हीटरों के लिए निम्नलिखित ऊर्जा खपत मानक विनिर्दिष्ट किए जाते हैं और इस मानक में घरेलू और समान प्रकार के प्रयोजनों के लिए एकल चरण विद्युत भंडार किस्म के पानी के हीटरों और उबलते हुए तापमान के नीचे पानी गर्म करने को शामिल किया गया, जिनका रेटेड वोल्टेज 250 वोल्ट से अधिक नहीं है, अर्थात् :-

1. भारत में विनिर्मित, आयातित अथवा बेचे जा रहे प्रत्येक किस्म के इलेक्ट्रिक वॉटर हीटर (200 लीटर तक)-

   (क) भारतीय मानक आईएस 2082:1993 और आईएस 302-2-21 में यथा विनिर्दिष्ट मानकों का पालन करते हों;

   (ख) विद्युत पानी के हीटर की स्थायी खपत (किलोवॉट/24 घंटा/45 डिग्री सेल्सियस) की अपेक्षाओं का पालन करते हों ।

2. ऊर्जा निष्पादन मानक के प्रयोजनों के लिए, संदर्भ जब तक अन्याथा अपेक्षित हो, -

   (क) **साधित्र या यूनिट** से अभिप्रेत है जो भारतीय मानक आईएस 2082:1993 और आईएस 302-2-21 में वर्णित विद्युत भंडार किस्म के पानी के हीटर (सभी प्रयोजनीय संशोधनों सहित, दोनों) से है।

   (ख) **प्राधिकरण** से केंद्रीय सरकार अभिप्रेत है।

   (ग) **भागीदारी** से पानी के हीटर के विनिर्माता, आयातक अथवा खुदरा व्यापारी अभिप्रत है।

(घ) **रेटेड क्षमता (लीटर)** से अभिप्रेत है जो हीटरों की निर्धारित क्षमता पर शून्य नकारात्मक सहिष्णुता और मापित क्षमता निर्धारित क्षमता से कम नहीं होगी।

(ङ) **रेटेड इनपुट** से अभिप्रेत विद्युत भंडार किस्म के पानी के हीटर के नामपट्ट पर दर्शाई गई बिजली की इनपुट से है।

(च) **रेटेड विद्युत (किलोवॉट)** से अभिप्रेत है जो विद्युत का इनपुट आईएस 302-2-21 और आईएस 302-1:2008 (दोनों सभी लागू होने से संशोधनों सहित) में यथा विहित निर्धारित क्षमता के +5%/ -10% के भीतर होगा।

(छ) **स्थायी हानि (किलोवॉटघं./24 घंटे/45$^0$ से.)** से अभिप्रेत है जो स्थायी हानि भरे हुए विद्युत हीटर की विद्युत खपत है जो निरंतर स्थिर दशा के बाद प्राप्त होती है जब यह विद्युत की आपूर्ति से जुड़ा होता है और जब चौबीस घंटे तक कोई पानी नहीं लिया जाता और स्थायी हानि की गणना आईएस 2082:1993 के अनुसार की जाएगी और इस मानक की सारणियों (यथा लागू) 1, 2 और 3 में दी गई स्टार रेटिंग की जरूरतों के अनुरूप होती है।

(ज) **स्टार रेटिंग बैंड** से अभिप्रेत है जो स्थायी हानि (किलोवॉटघं./24 घंटे/45$^o$ से.) की रेंज है जिसका उपयोग स्टार लेबल पर स्टारों की संख्या निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

(झ) **स्टार लेबल** से अभिप्रेत है जो स्टार लेबल, जैसा विद्युत हीटर के लेबलों के संबंध में उनके वर्णन और प्रदर्शन की विधि; विनियमन, 2015 में वर्णित है।

3. **स्टार रेटिंग अथवा स्टार स्तर योजना: (1)** "स्टार रेटिंग या स्टार स्तर" से आशय विद्युत भंडार किस्म के पानी के हीटरों के लेबल पर दर्शाई गई स्थायी खपत (किलोवॉटघं./24 घंटे/45$^o$ से.) का ग्रेड है। उपलब्ध स्टार एक स्टार के अंतराल पर न्यूनतम एक और अधिकतम पांच दर्शाए जाते हैं। स्टार रेटिंग की गणना निम्नलिखित सारणी में यथा विनिर्दिष्ट स्टार रेटिंग बैंड से की जाती है।

**सारणी**

**इस अधिसूचना की तारीख से 30 जून 2017 तक स्टार रेटिंग योजना विधिमान्य होगी**

| रेटेड क्षमता (लीटर) | 1 स्टार | 2 स्टार | 3 स्टार | 4 स्टार | 5 स्टार |
|---|---|---|---|---|---|
| | स्थायी खपत (किलोवॉटघं./24 घंटे/45$^o$ से.) | | | | |
| 6 | ≤0.469 & > 0.426 | ≤0.426 & > 0.387 | ≤0.387 & > 0.352 | ≤0.352 & > 0.320 | ≤ 0.320 |
| 10 | ≤0.587 & > 0.534 | ≤0.534 & > 0.485 | ≤0.485 & > 0.441 | ≤0.441 & > 0.401 | ≤ 0.401 |
| 15 | ≤ 0.675 & > 0.614 | ≤0.614 & > 0.558 | ≤ 0.558 & > 0.507 | ≤0.507 & > 0.461 | ≤ 0.461 |

| रेटेड क्षमता (लीटर) | 1 स्टार | 2 स्टार | 3 स्टार | 4 स्टार | 5 स्टार |
|---|---|---|---|---|---|
| | स्थायी खपत (किलोवॉटघं./24 घंटे/$45^{o}$ से.) | | | | |
| 25 | ≤0.823 & > 0.748 | ≤0.748 & > 0.680 | ≤0.680 & > 0.618 | ≤0.618 & > 0.562 | ≤ 0.562 |
| 35 | ≤0.940 & > 0.855 | ≤0.855 & > 0.777 | ≤0.777 & > 0.706 | ≤0.706 & > 0.642 | ≤ 0.642 |
| 50 | ≤1.086 & > 0.988 | ≤0.988 & > 0.898 | ≤0.898 & > 0.816 | ≤0.816 & > 0.742 | ≤ 0.742 |
| 70 | ≤1.233 & > 1.121 | ≤ 1.121 & > 1.019 | ≤ 1.019 & > 0.926 | ≤0.926 & > 0.842 | ≤ 0.842 |
| 100 | ≤1.408 & > 1.280 | ≤ 1.280 & > 1.164 | ≤1.164 & > 1.058 | ≤1.058 & > 0.962 | ≤ 0.962 |
| 140 | ≤1.586 & > 1.441 | ≤1.441 & > 1.310 | ≤1.310 & > 1.191 | ≤1.191 & > 1.083 | ≤ 1.083 |
| 200 | ≤1.761 & > 1.601 | ≤1.601 & > 1.456 | ≤1.456 & > 1.323 | ≤1.323 & > 1.203 | ≤ 1.203 |

स्टार रेटिंग बैंड के लिए कोई सह्यता नहीं होगी (जैसा उपरोक्त सारणी में विनिर्दिष्ट है) और परीक्षित उत्पादों का औसत टाइप विद्युत पानी के हीटर के समान अथवा लेबल के निचले स्तर से बेहतर होगा और स्टार रेटिंग योजना की समीक्षा सारणी 'क' में दी गई अवधि समाप्त होने के बाद अथवा केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा: आवशयक समझी जाने वाली अवधि पर की जाएगी।

**4. परीक्षण और सह्यता:** (1) एक विद्युत पानी के हीटर के स्टार लेवल के अवधारण के लिए निम्नलिखित परीक्षण पैरामीटरों का परीक्षण किया जाएगा :-

| 'परीक्षण पैरामीटर' | परीक्षण मानक |
|---|---|
| रेटेड क्षमता (लीटर) | आई एस 2082 : 1993 और आईएस 302-2-21 : 2011 (दोनों सभी लागू संशोधनों के साथ)" |
| रेटेड विद्युत् (कि. वॉ.) | |
| स्थायी हानि (कि. वॉ. घं.) प्रति 24 घंटे : | |

(2) हीटरों की रेटेड क्षमता और मापन क्षमता पर शून्य नकारात्मक सहयता रेटेड क्षमता से कम नहीं होगी.

(3) विद्युत का इनपुट, निर्धारित क्षमता के +5% से -10% के भीतर होगा।

**5. परीक्षण रिपोर्ट:** प्रत्येक इकाई के परीक्षणों के परिणाम इस अधिसूचना के उपाबंध में दिए गए रूप में बताए जाएंगे।

**6. सत्यापन / अनुपालन की जांच के लिए नमूना लेने की विधि:** सत्यापन के प्रयोजन के लिए प्रत्यायित प्रयोगशाला अर्थात् राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड जांच एवं अंशशोधन प्रयोगशाला में जांच के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो या इसकी नामोद्दिष्ट अभिकरण द्वारा नमूने एकत्र किए जाएंगे।

**उपाबंध**

**परीक्षणों के परिणाम की रिपोर्टिंग के लिए प्रपत्र**

**परीक्षण रिपोर्ट सं. :** **तारीख:**

विद्युत भंडार किस्म के पानी केहीटर का ब्यौरा

(i) ब्रांड :

(ii) प्रकार :

(iii) मॉडल का नाम :

(iv) रेटेड क्षमता (लीटर) :

(v) रेटेड इनपुट पावर (के. डब्ल्यू) :

(vi) घोषित स्थायी हानि :

**2. परीक्षण सारांश**

(i) लागू के रूप में प्रत्येक जांच प्रकार के लिए इस पेज की एक अलग प्रति पूर्ण करें

(ii) जांच की **तारीख** :

(iii) जांच कार्मिक का नाम:

(iv) जांच का प्रकृति और जांच के ब्यौरे:

(v) साधारण जांच स्थिति :

(vi) ऊर्जा खपत जांच रिपोर्ट (प्रत्येक इकाई की जांच के लिए प्रस्तुत किया जाना है)

संप्रेक्षण और परिणाम :

**जांच रिपोर्ट फॉर्मेट :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मॉडल : क्षमता : | | | |
| जांच के विवरण परिवेश का तापमान | | | |
| - जांच आरंभ करना : | | | |
| - जांच समाप्त करना : | | | |
| - जांच अवधि ($t_1$) आंरभ करना :<br>- | | | |
| **ऊर्जा खपत के विवरण** | | | |
| - समय ($t_1$) (कि. वॉ. घं.) में ऊर्जा खपत ($t_1$) | | | |
| | | | |
| 24 घंटे (कि. वॉ. घं. / 24 घंटे) में ऊर्जा खपत : | | | |
| औसत तापमान (एम1) डिग्री से.) : | | | |
| स्थायी हानि (कि. वॉ. घं. / 24 घंटे / 45 डिग्री से.) | | | |

[फा. सं. 13/14/2014 – ईसी पी आई]

राज पाल, आर्थिक सलाहकार

**MINISTRY OF POWER**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 7th September, 2016

**S.O. 2902(E).—**In exercise of the powers conferred by clause (a) of section 14 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), the Central Government in consultation with the Bureau of Energy Efficiency, hereby specifies the Energy Performance Standards for star labeled Stationary Storage Type Electric Water Heaters and the standard covers the single phase electric storage water heaters for household and similar purposes and intended for heating water below boiling temperature, their rated voltage being not more than 250 V, namely:-

1. Every storage type electric water heater (up to 200 litre) being manufactured, imported, or sold in India shall-

(a) meet the compliance standards as specified in Indian Standard IS 2082:1993 and IS 302-2-21;

(b) meet the standing loss (kWh/24 hours/45 degree C) requirements of water heater.

2. For the purposes of Energy Performance Standard, unless the context otherwise requires,--

**(a) "Appliance" or "Unit"** means an electric storage water heaters described in Indian standard IS 2082:1993 and IS 302-2-21 (both with all amendments applicable);

**(b) "Authority"** means the Central Government;

**(d) "Participant**" means manufacturers, importers or retailers of the water heater;

**(e) "Rated capacity (Litre)"** means zero negative tolerance on rated capacity of heaters and the measured capacity shall not be less than the rated capacity;

**(f) "Rated input"** means the electrical power input shown on the nameplate of the electric storage water heaters;

**(g) "Rated Power (kW)"** means the power input, which shall be within +5% /-10% of the rated capacity as prescribed in IS 302-2-21: 1992 and IS 302-1: 2008 (both with all applicable amendments);

**(h) "Standing loss (kWh/24 hour/45$^{o}$C)"** means the energy consumption of a filled water heater, after steady state conditions have been reached when connected to electrical supply, and when no water is drawn for twenty-four hours and the standing loss shall be calculated as per IS 2082:1993 and comply with the star rating requirement as given in Tables (as applicable) 1, 2 and 3 of this standard;

**(i) "Star Rating Band"** means a range of standing loss (kWh/24Hr/45$^{o}$C) which is used for determining the number of stars displayed on the star label; and

**(j) "Star Label"** means Star label as described in the Bureau of Energy Efficiency (Particulars and Manner of their Display on Labels of Water Heater) Regulations, 2015.

3. **Star Rating or Star Level Plan.- (1)** "Star rating or star level" means the grade of standing loss (kWh/24hr/45$^{o}$C) displayed on the label of the electric storage water heaters. The available stars are between a minimum of one and a maximum of five shown in one star interval. The star rating is calculated from the Star Rating Band as specified in the following table, namely:-

**TABLE**

**Star rating plan shall be valid from the date of this notification to the 30th June, 2017**

| Rated Capacity (Litres) | 1 star | 2 star | 3 star | 4 star | 5 star |
|---|---|---|---|---|---|
| | Standing Losses (kWh/24 hour/45°C) | | | | |
| 6 | ≤0.469 & > 0.426 | ≤0.426 & > 0.387 | ≤0.387 & > 0.352 | ≤0.352 & > 0.320 | ≤ 0.320 |
| 10 | ≤0.587 & > 0.534 | ≤0.534 & > 0.485 | ≤0.485 & > 0.441 | ≤0.441 & > 0.401 | ≤ 0.401 |
| 15 | ≤ 0.675 & > 0.614 | ≤0.614 & > 0.558 | ≤ 0.558 & > 0.507 | ≤0.507 & > 0.461 | ≤ 0.461 |
| 25 | ≤0.823 & > 0.748 | ≤0.748 & > 0.680 | ≤0.680 & > 0.618 | ≤0.618 & > 0.562 | ≤ 0.562 |
| 35 | ≤0.940 & > 0.855 | ≤0.855 & > 0.777 | ≤0.777 & > 0.706 | ≤0.706 & > 0.642 | ≤ 0.642 |
| 50 | ≤1.086 & > 0.988 | ≤0.988 & > 0.898 | ≤0.898 & > 0.816 | ≤0.816 & > 0.742 | ≤ 0.742 |
| 70 | ≤1.233 & > 1.121 | ≤ 1.121 & > 1.019 | ≤ 1.019 & > 0.926 | ≤0.926 & > 0.842 | ≤ 0.842 |
| 100 | ≤1.408 & > 1.280 | ≤ 1.280 & > 1.164 | ≤1.164 & > 1.058 | ≤1.058 & > 0.962 | ≤ 0.962 |

| **Rated Capacity (Litres)** | **1 star** | **2 star** | **3 star** | **4 star** | **5 star** |
|---|---|---|---|---|---|
| | **Standing Losses (kWh/24 hour/45°C)** | | | | |
| 140 | ≤1.586 & > 1.441 | ≤1.441 & > 1.310 | ≤1.310 & > 1.191 | ≤1.191 & > 1.083 | ≤ 1.083 |
| 200 | ≤1.761 & > 1.601 | ≤1.601 & > 1.456 | ≤1.456 & > 1.323 | ≤1.323 & > 1.203 | ≤ 1.203 |

(2) There shall be no tolerance for Star Rating Bands (as specified in above Table) and the average of products tested must be at par type electric water heater or better than the Label threshold and the star rating plan shall be reviewed after the expiry of period given in Table above or as deemed necessary by the Central Government.

**4. Testing and Tolerance.**

(1) For the purpose of determining the star level of a water heater, the following test parameters shall be tested, namely:-

| **“Test Parameters** | **Test Standards** |
|---|---|
| Rated capacity (Litre) | IS 2082:1993 & IS 302-2-21: 2011 (both with all applicable amendments).” |
| Rated Power (kW) | |
| Standing loss (kWh) per 24 hour: | |

(2) There shall be zero negative tolerance on rated capacity of heaters and the measured capacity shall not be less than the rated capacity.

(3) The power input shall be within +5% to -10% of the rated capacity.

**5. Test Report.** The result of the tests of each unit shall be reported as given in Annexure to this notification

**6. Sampling methodology for verification/compliance check.-** For the purpose of verification**,** the samples will be picked up by Bureau of Energy Efficiency or its designated agency for testing at the National Accreditation Board for Testing and Calibration Laboratories accredited laboratory.

**Annexure**

**Form for reporting the results of tests**

**Test Report No.** **Date:**

**1. Details of Stationary Storage Electric Water Heater**

(i) Brand:

(ii) Type:

(iii) Model name:

(iv) Rated capacity (Litre):

(v) Rated Input Power (kW):

(vi) Declared Standing Loss (kWh):

**2. Test summary**

(i) Complete a separate copy of this page for each test type, as applicable

(ii) Date of test:

(iii) Name of the Testing personnel:

(iv) Nature of Test / Test details:

(v) General Test condition:,

(vi) Energy Consumption Test Report (to be submitted for each unit tested):

Observations and Results:

**Test Report Format:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Model:** | **Capacity:** | | |
| **Test Details** | **Ambient Temperature** | | |
| - Test Started on: | | | |
| - Test Ended on: | | | |
| - Test Duration ($t_1$) started on: | | | |
| **Energy Consumption Details** | | | |
| - Energy consumption ($t_1$) in time ($t_1$) (kWh) : | | | |
| | | | |
| **Energy Consumption in 24 h (kWh / 24 hr) :** | | | |
| **Mean Temperature (M1) (degree C) :** | | | |
| **Standing Loss (kWh / 24 hr / 45 degree C) :** | | | |

[No. 13/14/2014-EC P I]

RAJ PAL, Economic Advisor

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1223] नई दिल्ली, मंगलवार, मई 2, 2017/वैशाख 12, 1939
No. 1223] NEW DELHI, TUESDAY, MAY 2, 2017/VAISAKHA 12, 1939

## विद्युत मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 2 मई, 2017

**का.आ. 1385(अ).**—केन्द्रीय सरकार, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के परामर्श से भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 2902(अ) तारीख 7 सितम्बर, 2016 में निम्नलिखित संशोधन करती हैं, अर्थात:-

उक्त अधिसूचना के पैरा 3 में,-

(क) उप पैरा (1) में, विद्यमान सारणी के स्थान पर निम्नलिखित सारणी रखी जाएंगी, अर्थात्:-

**सारणी: 3.1**

**स्टार रेटिंग योजना की विधिमान्यता (7 सितम्बर, 2016 से 30 जून, 2017 तक)**

| रेटेड क्षमता (लीटर) | 1 स्टार | 2 स्टार | 3 स्टार | 4 स्टार | 5 स्टार |
|---|---|---|---|---|---|
| | स्थायी हानि (किलोवॉट/24 घंटे/45$^0$ से.) | | | | |
| 6 | ≤0.469 &> 0.426 | ≤0.426 &> 0.387 | ≤0.387 &> 0.352 | ≤0.352 &> 0.320 | ≤ 0.320 |
| 10 | ≤0.587&> 0.534 | ≤0.534&>0.485 | ≤0.485 &> 0.441 | ≤0.441 &> 0.401 | ≤ 0.401 |
| 15 | ≤ 0.675&> 0.614 | ≤0.614&> 0.558 | ≤ 0.558&> 0.507 | ≤0.507 &> 0.461 | ≤ 0.461 |
| 25 | ≤0.823&>0.748 | ≤0.748 &> 0.680 | ≤0.680 &> 0.618 | ≤0.618 &> 0.562 | ≤ 0.562 |
| 35 | ≤0.940&>0.855 | ≤0.855 &> 0.777 | ≤0.777&> 0.706 | ≤0.706 &> 0.642 | ≤ 0.642 |
| 50 | ≤1.086&>0.988 | ≤0.988&>0.898 | ≤0.898&>0.816 | ≤0.816 &> 0.742 | ≤ 0.742 |
| 70 | ≤1.233&> 1.121 | ≤ 1.121 &> 1.019 | ≤ 1.019 &> 0.926 | ≤0.926 &> 0.842 | ≤ 0.842 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 100 | ≤1.408&> 1.280 | ≤ 1.280 &> 1.164 | ≤1.164 &> 1.058 | ≤1.058 &> 0.962 | ≤ 0.962 |
| 140 | ≤1.586&>1.441 | ≤1.441&> 1.310 | ≤1.310&> 1.191 | ≤1.191 &> 1.083 | ≤ 1.083 |
| 200 | ≤1.761&>1.601 | ≤1.601 &> 1.456 | ≤1.456 &> 1.323 | ≤1.323 &> 1.203 | ≤ 1.203 |

**सारणी: 3.2**

**स्टार रेटिंग योजना की विधिमान्यता (1 जुलाई, 2017 से 31 दिसम्बर, 2018 तक)**

| रेटेड क्षमता (लीटर) | 1 स्टार | 2 स्टार | 3 स्टार | 4 स्टार | 5 स्टार |
|---|---|---|---|---|---|
| | **स्थायी हानि (किलोवॉट/24 घंटे/45$^0$ से.)** | | | | |
| 6 | ≤0.469 &> 0.426 | ≤0.426 &> 0.387 | ≤0.387 &> 0.352 | ≤0.352 &> 0.320 | ≤ 0.320 |
| 10 | ≤0.587&> 0.534 | ≤0.534&>0.485 | ≤0.485 &> 0.441 | ≤0.441 &> 0.401 | ≤ 0.401 |
| 15 | ≤ 0.675&> 0.614 | ≤0.614&> 0.558 | ≤ 0.558&> 0.507 | ≤0.507 &> 0.461 | ≤ 0.461 |
| 25 | ≤0.823&>0.748 | ≤0.748 &> 0.680 | ≤0.680 &> 0.618 | ≤0.618 &> 0.562 | ≤ 0.562 |
| 35 | ≤0.940&>0.855 | ≤0.855 &> 0.777 | ≤0.777&> 0.706 | ≤0.706 &> 0.642 | ≤ 0.642 |
| 50 | ≤1.086&>0.988 | ≤0.988&>0.898 | ≤0.898&>0.816 | ≤0.816 &> 0.742 | ≤ 0.742 |
| 70 | ≤1.233&> 1.121 | ≤ 1.121 &> 1.019 | ≤ 1.019 &> 0.926 | ≤0.926 &> 0.842 | ≤ 0.842 |
| 100 | ≤1.408&> 1.280 | ≤ 1.280 &> 1.164 | ≤1.164 &> 1.058 | ≤1.058 &> 0.962 | ≤ 0.962 |
| 140 | ≤1.586&>1.441 | ≤1.441&> 1.310 | ≤1.310&> 1.191 | ≤1.191 &> 1.083 | ≤ 1.083 |
| 200 | ≤1.761&>1.601 | ≤1.601 &> 1.456 | ≤1.456 &> 1.323 | ≤1.323 &> 1.203 | ≤ 1.203"; |

(ii) उप पैरा (1) के पश्चात निम्नलिखित उप पैरा अंत:स्थपित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(1क) उक्त भंडारण प्रकार के बिजली के वॉटर हीटर के न्यूनतम ऊर्जा निष्पादन स्तर को उन्नत बनाने के विचार से 1 जुलाई 2017 से सारणी 3.2 में निर्दिष्ट 1 स्टार और 2 स्टार के लिए 100 लीटर की रेटिड क्षमता वाले भंडारण प्रकार के बिजली के वॉटर हीटर पर विवरणों के सम्प्रदर्श के लिए अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(iii) उप पैरा (2) मे निम्न्लिखित उप पैरा अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

(2) स्टार रेटिंग बैंड के लिए कोई ऋणात्मक छूट नहीं होगी और सभी परखे गए उपकरण प्रत्येक स्टार रेटिंग स्तर के लिए न्यूनतम थ्रेश होल्ड पूरे करेंगे; और विनिर्माण छूट के विस्तार और अन्य विविधताओं को स्टार रेटिंग का निर्धारण करते समय विनिर्माता द्वारा विचार में लिया जाएगा।

स्टार रेटिंग योजना की पुनर्विलोकित उपरोक्त सारणी में दी गई समय अवधि पूरी होने के बाद या केन्द्रीय सरकार द्वारा अनिवार्य ठीक जाने पर की जाएगी।".

[फा. सं. 13/14/2014–ईसी]

राज पाल, आर्थिक सलाहकार

**टिप्पण :** मूल अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उप-खण्ड (ii) में अधिसूचना सं. का. आ. 2902(अ) तारीख 7 सितम्बर, 2016 द्वारा प्रकाशित की गई थी।

## MINISTRY OF POWER

## NOTIFICATION

New Delhi, the 2nd May, 2017

**S.O. 1385(E).—**In exercise of the powers conferred by clause (a) of section 14 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), the Central Government, in consultation with the Bureau of Energy Efficiency, hereby makes the following amendments in the notification of the Government of India in the Ministry of Power number S.O. 2902(E), dated the 7th September, 2016, namely:-

In the said notification, in paragraph 3,-

(a) in sub-paragraph (1), for the existing Table, the following Tables shall be substituted, namely:-

**"TABLE: 3.1**

**Star rating plan validity (From 7th September, 2016 to 30th June 2017)**

| Rated Capacity (Litres) | 1 star | 2 star | 3 star | 4 star | 5 star |
|---|---|---|---|---|---|
| | Standing Losses (kWh/24 hour/45°C) | | | | |
| 6 | ≤0.469 & > 0.426 | ≤0.426 & > 0.387 | ≤0.387 & > 0.352 | ≤0.352 & > 0.320 | ≤ 0.320 |
| 10 | ≤0.587 & > 0.534 | ≤0.534 & > 0.485 | ≤0.485 & > 0.441 | ≤0.441 & > 0.401 | ≤ 0.401 |
| 15 | ≤ 0.675 & > 0.614 | ≤0.614 & > 0.558 | ≤ 0.558 & > 0.507 | ≤0.507 & > 0.461 | ≤ 0.461 |
| 25 | ≤0.823 & > 0.748 | ≤0.748 & > 0.680 | ≤0.680 & > 0.618 | ≤0.618 & > 0.562 | ≤ 0.562 |
| 35 | ≤0.940 & > 0.855 | ≤0.855 & > 0.777 | ≤0.777 & > 0.706 | ≤0.706 & > 0.642 | ≤ 0.642 |
| 50 | ≤1.086 & > 0.988 | ≤0.988 & > 0.898 | ≤0.898 & > 0.816 | ≤0.816 & > 0.742 | ≤ 0.742 |
| 70 | ≤1.233 & > 1.121 | ≤ 1.121 & > 1.019 | ≤ 1.019 & > 0.926 | ≤0.926 & > 0.842 | ≤ 0.842 |
| 100 | ≤1.408 & > 1.280 | ≤ 1.280 & > 1.164 | ≤1.164 & > 1.058 | ≤1.058 & > 0.962 | ≤ 0.962 |
| 140 | ≤1.586 & > 1.441 | ≤1.441 & > 1.310 | ≤1.310 & > 1.191 | ≤1.191 & > 1.083 | ≤ 1.083 |
| 200 | ≤1.761 & > 1.601 | ≤1.601 & > 1.456 | ≤1.456 & > 1.323 | ≤1.323 & > 1.203 | ≤ 1.203 |

**TABLE: 3.2**

**Star rating plan validity (From 1st July, 2017 to 31st December, 2018)**

| Rated Capacity (Litres) | 1 star | 2 star | 3 star | 4 star | 5 star |
|---|---|---|---|---|---|
| | Standing Losses (kWh/24 hour/45°C) | | | | |
| 6 | ≤0.469 & > 0.426 | ≤0.426 & > 0.387 | ≤0.387 & > 0.352 | ≤0.352 & > 0.320 | ≤ 0.320 |
| 10 | ≤0.587 & > 0.534 | ≤0.534 & > 0.485 | ≤0.485 & > 0.441 | ≤0.441 & > 0.401 | ≤ 0.401 |
| 15 | ≤ 0.675 & > 0.614 | ≤0.614 & > 0.558 | ≤ 0.558 & > 0.507 | ≤0.507 & > 0.461 | ≤ 0.461 |
| 25 | ≤0.823 & > 0.748 | ≤0.748 & > 0.680 | ≤0.680 & > 0.618 | ≤0.618 & > 0.562 | ≤ 0.562 |
| 35 | ≤0.940 & > 0.855 | ≤0.855 & > 0.777 | ≤0.777 & > 0.706 | ≤0.706 & > 0.642 | ≤ 0.642 |
| 50 | ≤1.086 & > 0.988 | ≤0.988 & > 0.898 | ≤0.898 & > 0.816 | ≤0.816 & > 0.742 | ≤ 0.742 |
| 70 | ≤1.233 & > 1.121 | ≤ 1.121 & > 1.019 | ≤ 1.019 & > 0.926 | ≤0.926 & > 0.842 | ≤ 0.842 |
| 100 | ≤1.408 & > 1.280 | ≤ 1.280 & > 1.164 | ≤1.164 & > 1.058 | ≤1.058 & > 0.962 | ≤ 0.962 |
| 140 | ≤1.586 & > 1.441 | ≤1.441 & > 1.310 | ≤1.310 & > 1.191 | ≤1.191 & > 1.083 | ≤ 1.083 |
| 200 | ≤1.761 & > 1.601 | ≤1.601 & > 1.456 | ≤1.456 & > 1.323 | ≤1.323 & > 1.203 | ≤ 1.203"; |

(b) for sub-paragraph (2), the following sub-paragraphs shall be substituted, namely:-

"(2) The permission for display of particulars on the storage type electric water heater up to the rated capacity of 100 litres for 1 star and 2 star specified in Table 3.2 shall not be permitted with effect from the 1st day of July, 2017 with a view to upgrade the minimum energy performance level of such storage type electric water heater.

(3) There shall be no negative tolerance for Star Rating Bands and all tested equipments shall meet the minimum threshold for each star rating level; and the scope for manufacturing tolerance and other variations shall be accounted by the manufacturer when determining the star rating.

(4) The star rating plan shall be reviewed after the expiry of period given in Table above or as deemed necessary by the Central Government.”.

[No. 13/14/2014-EC]

RAJ PAL, Economic Advisor

**Note:** The principal notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, section-3, sub-section (ii) vide notification number S.O. 2902(E), dated the 7th September, 2016.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR
Date: 2017.05.04 12:52:44 +05'30'

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5068] नई दिल्ली, सोमवार, दिसम्बर 24, 2018/पौष 3, 1940
No. 5068] NEW DELHI, MONDAY, DECEMBER 24, 2018/PAUSHA 3, 1940

**विद्युत मंत्रालय**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर, 2018

**का.आ. 6308(अ).**—केन्द्रीय सरकार, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के परामर्श से भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ. 2902(अ.) तारीख 7 सितम्बर, 2016 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना के, पैरा 3 में,—

(क) उप पैरा (1) में, सारणी 3.2 के पश्चात् निम्नलिखित सारणी रखी जाएगी, अर्थात्:—

**"सारणी: 3.3**

**स्टार रेटिंग योजना की विधिमान्यता (01 जनवरी, 2019 से 31 दिसम्बर, 2020 तक)**

| रेटेड क्षमता (लीटर) | 1 स्टार | 2 स्टार | 3 स्टार | 4 स्टार | 5 स्टार |
|---|---|---|---|---|---|
| | स्थायी खपत (किलोवॉट घण्टा/24 घण्टा/45°से0) | | | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 6 | ≤0.426 &> 0.387 | ≤0.387 &> 0.352 | ≤0.352 &> 0.320 | ≤ 0.320 &>0.291 | ≤ 0.291 |
| 10 | ≤0.534 &> 0.485 | ≤0.485 &> 0.441 | ≤0.441 &> 0.401 | ≤ 0.401 &>0.365 | ≤ 0.365 |
| 15 | ≤0.614 &> 0.558 | ≤ 0.558 &> 0.507 | ≤0.507 &> 0.461 | ≤ 0.461 &> 0.419 | ≤ 0.419 |
| 25 | ≤0.748 &> 0.680 | ≤0.680 &> 0.618 | ≤0.618 &> 0.562 | ≤ 0.562 &>0.511 | ≤ 0.511 |
| 35 | ≤0.855 &> 0.777 | ≤0.777 &> 0.706 | ≤0.706 &> 0.642 | ≤ 0.642 &>0.584 | ≤ 0.584 |
| 50 | ≤0.988 &> 0.898 | ≤0.898 &> 0.816 | ≤0.816 &> 0.742 | ≤ 0.742 &>0.675 | ≤ 0.675 |
| 70 | ≤ 1.121 &> 1.019 | ≤ 1.019 &> 0.926 | ≤0.926 &> 0.842 | ≤ 0.842 &> 0.766 | ≤ 0.766 |
| 100 | ≤ 1.280 &> 1.164 | ≤1.164 &> 1.058 | ≤1.058 &> 0.962 | ≤ 0.962 &> 0.875 | ≤0.875 |
| 140 | ≤1.441 &> 1.310 | ≤1.310 &> 1.191 | ≤1.191 &> 1.083 | ≤ 1.083 &> 0.985 | ≤ 0.985 |
| 200 | ≤1.601 &> 1.456 | ≤1.456 &> 1.323 | ≤1.323 &> 1.203 | ≤ 1.203 &> 1.088 | ≤ 1.088"; |

(ख) उप पैरा (2), के स्थान पर निम्नलिखित उप पैरा रखा जाएगा, अर्थात् :—

“(2) उक्त भंडारण प्रकार के बिजली के जल हीटर के न्यूनतम ऊर्जा निष्पादन स्तर को उन्नत बनाने के विचार से 01 जनवरी, 2019 से सारणी 3.3 में विनिर्दिष्ट 1 स्टार के लिए 200 लीटर की रेटिड क्षमता वाले भंडारण प्रकार के बिजली के जल हीटर पर विवरणों के संप्रदर्शन के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।”

[फा. सं. 13/14/2014-ईसी (खण्ड.-I)]

राज पाल, आर्थिक सलाहकार

**टिप्पण :** मूल अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उप-खण्ड (ii) में अधिसूचना सं. का.आ. 2902 (अ) तारीख 7 सितम्बर, 2016 द्वारा प्रकाशित की गई थी और तत्पश्चात इसमें का.आ. 1385 तारीख 02 मई, 2017 द्वारा संशोधन किया गया।

**MINISTRY OF POWER**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 24th December, 2018

**S.O. 6308(E).—**In exercise of the powers conferred by clause (a) of section 14 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), the Central Government, in consultation with the Bureau of Energy Efficiency, hereby makes the following further amendments in the notification of the Government of India in the Ministry of Power number S.O. 2902 (E), dated the 7th September, 2016, namely:—

In the said notification, in paragraph 3,-

(a) in sub-paragraph (1), after Table 3.2, the following Table shall be inserted, namely:-

**“TABLE 3.3**

**Star Rating Plan Validity (from 1st January, 2019 to 31st December, 2020)**

| **Rated Capacity (Liters)** | **1 star** | **2 star** | **3 star** | **4 star** | **5 star** |
|---|---|---|---|---|---|
| | **Standing Losses (kWh/24 hour/45°C)** | | | | |
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** | **(5)** | **(6)** |
| 6 | ≤0.426 & > 0.387 | ≤0.387 & > 0.352 | ≤0.352 & > 0.320 | ≤ 0.320 & >0.291 | ≤ 0.291 |
| 10 | ≤0.534 & > 0.485 | ≤0.485 & > 0.441 | ≤0.441 & > 0.401 | ≤ 0.401 & >0.365 | ≤ 0.365 |
| 15 | ≤0.614 & > 0.558 | ≤ 0.558 & > 0.507 | ≤0.507 & > 0.461 | ≤ 0.461 & > 0.419 | ≤ 0.419 |
| 25 | ≤0.748 & > 0.680 | ≤0.680 & > 0.618 | ≤0.618 & > 0.562 | ≤ 0.562 & >0.511 | ≤ 0.511 |
| 35 | ≤0.855 & > 0.777 | ≤0.777 & > 0.706 | ≤0.706 & > 0.642 | ≤ 0.642 & >0.584 | ≤ 0.584 |
| 50 | ≤0.988 & > 0.898 | ≤0.898 & > 0.816 | ≤0.816 & > 0.742 | ≤ 0.742 & >0.675 | ≤ 0.675 |
| 70 | ≤ 1.121 & > 1.019 | ≤ 1.019 & > 0.926 | ≤0.926 & > 0.842 | ≤ 0.842 & > 0.766 | ≤ 0.766 |
| 100 | ≤ 1.280 & > 1.164 | ≤1.164 & > 1.058 | ≤1.058 & > 0.962 | ≤ 0.962 & > 0.875 | ≤0.875 |
| 140 | ≤1.441 & > 1.310 | ≤1.310 & > 1.191 | ≤1.191 & > 1.083 | ≤ 1.083 & > 0.985 | ≤ 0.985 |
| 200 | ≤1.601 & > 1.456 | ≤1.456 & > 1.323 | ≤1.323 & > 1.203 | ≤ 1.203 & > 1.088 | ≤ 1.088**”;** |

(b) for sub-paragraph (2), the following sub-paragraph shall be substituted, namely:—

"(2) The permission for display of particulars on storage type electric water heater up to the rated capacity of 200 litres for 1 Star specified in Table 3.3 shall not be permitted from the 1st day of January, 2019 with a view to upgrade the minimum energy performance level of such storage type electric water heater".

[F. No. 13/14/2014-EC (Vol.-I)]

RAJ PAL, Economic Adviser

**Note :** The principal notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section-3, Sub-section (ii) *vide* notification number S.O. 2902(E), dated the 8th September, 2016 and subsequently amended *vide* S.O. 1385 dated the 2nd May, 2017.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

MANOJ KUMAR VERMA
Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA
Date: 2018.12.24 22:18:23 +05'30'

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-10122020-223642
CG-DL-E-10122020-223642

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3945] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 10, 2020/अग्रहायण 19, 1942
No. 3945] NEW DELHI, THURSDAY, DECEMBER 10, 2020/AGRAHAYANA 19, 1942

## विद्युत मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 दिसंबर ,2020

**का. आ. 4486(अ).—** केन्द्रीय सरकार, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के परामर्श से अधिसूचना संख्यांक का.आ. 6308(अ) तारीख 24 दिसम्बर, 2018 द्वारा भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की अधिसूचना को और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

उक्त अधिसूचना के पैरा 3 की सारणी 3.3 के उप-पैरा (1) में "1 जनवरी, 2019 से 31 दिसंबर, 2020 तक" के अंकों और शब्दों के स्थान पर "1 जनवरी, 2019 से 30 जून, 2021 तक" के अंक और शब्द रखे जाएंगे।

[फा. सं. 10/14/2020– ईसी]

राजपाल, वरिष्ठ सलाहकार

**टिप्पण:** मूल अधिसूचना को भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड (घ)-3, उप-खण्ड (ii) में तारीख 7 सितम्बर, 2016 की अधिसूचना सं. का.आ. 2902(अ) द्वारा प्रकाशित किया गया था और तत्पश्चात् इसमें तारीख 02 मई, 2017 की अधिसूचना संख्या का.आ. 1385(अ) तथा तारीख 24 दिसंबर, 2018 की अधिसूचना सं. का.आ. 6308(अ) द्वारा संशोधन किया गया था।

## MINISTRY OF POWER

## NOTIFICATION

New Delhi, the 10th December, 2020.

**S.O. 4486(E).—** In exercise of the powers conferred by clause (a) of section 14 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), the Central Government, in consultation with the Bureau of Energy Efficiency, hereby makes the following rules further to amend in the notification of the Government of India in the Ministry of Power vide notification number S.O. 6308 (E), dated the 24th December, 2018, namely:-

In the said notification, in paragraph 3,in Table 3.3,- in sub-paragraph (1), for the figures and words "1st January, 2019 to 31st December, 2020", the figures and words "1st January, 2019 to 30th June, 2021" shall be substituted.

[F.No.10/14/2020-EC]

RAJPAL, Senior Adviser

**Note**. The principal notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii) *vide* notification number S.O. 2902(E), dated the 7th September, 2016 and subsequently amended *vide* notification number S.O.1385(E) dated the 2nd May, 2017 and vide notification number S.O. 6308(E), dated the 24th December, 2018.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2020.12.10 21:59:00 +05'30'

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-12122022-240986
CG-DL-E-12122022-240986

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5540] नई दिल्ली, सोमवार, दिसम्बर 12, 2022/अग्रहायण 21, 1944
No. 5540] NEW DELHI, MONDAY, DECEMBER 12, 2022/AGRAHAYANA 21, 1944

## विद्युत मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर, 2022

**का.आ. 5776(अ).**—ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52), की धारा 14 के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के परामर्श से निम्नलिखित नियम बनाते हुए भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय की तारीख 8 सितंबर, 2016 की अधिसूचना सं. का.आ. 6308 (अ.) में आगे संशोधन करती है, अर्थात्:-

उक्त अधिसूचना के, पैरा 3 में,-

(क) उप पैरा (1) में, सारणी 3.3 के पश्चात् निम्नलिखित सारणी रखी जाएंगी, अर्थात्:-

**"तालिका 3.4"**

**स्टार रेटिंग योजना की विधिमान्यता (01 जनवरी, 2023 से 31 दिसम्बर, 2025 तक)**

| निर्धारित क्षमता (लीटर) | 1 स्टार | 2 स्टार | 3 स्टार | 4 स्टार | 5 स्टार |
|---|---|---|---|---|---|
| | स्थायी खपत (किलोवॉट घण्टा/24 घण्टा/45°से$_0$) | | | | |
| 6 | ≤0.426 &> 0.387 | ≤0.352 &> 0.320 | ≤ 0.320 &>0.291 | ≤ 0.291 &> 0.265 | ≤ 0.265 |
| 10 | ≤0.485 &> 0.441 | ≤0.441 &> 0.401 | ≤ 0.401 &>0.365 | ≤ 0.365 &> 0.332 | ≤ 0.332 |
| 15 | ≤ 0.558 &> 0.507 | ≤0.507 &> 0.461 | ≤ 0.461 &> 0.419 | ≤ 0.419 &> 0.381 | ≤ 0.381 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | ≤0.680 &> 0.618 | ≤0.618 &> 0.562 | ≤ 0.562 &>0.511 | ≤ 0.511 &> 0.465 | ≤ 0.465 |
| 35 | ≤0.777 &> 0.706 | ≤0.706 &> 0.642 | ≤ 0.642 &>0.584 | ≤ 0.584 &> 0.531 | ≤ 0.531 |
| 50 | ≤0.898 &> 0.816 | ≤0.816 &> 0.742 | ≤ 0.742 &>0.675 | ≤ 0.675 &> 0.614 | ≤ 0.614 |
| 70 | ≤ 1.019 &> 0.926 | ≤0.926 &> 0.842 | ≤ 0.842 &> 0.766 | ≤ 0.766 &> 0.697 | ≤ 0.697 |
| 100 | ≤1.164 &> 1.058 | ≤1.058 &> 0.962 | ≤ 0.962 &> 0.875 | ≤0.875 &>0.796 | ≤ 0.796 |
| 140 | ≤1.310 &> 1.191 | ≤1.191 &> 1.083 | ≤ 1.083 &> 0.985 | ≤ 0.985 &> 0.896 | ≤ 0.896 |
| 200 | ≤1.456 &> 1.323 | ≤1.323 &> 1.203 | ≤ 1.203 &> 1.088 | ≤ 1.088 &> 0.984 | ≤ 0.984; |

ख) उप पैरा (2), के स्थान पर निम्नलिखित उप पैरा रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(2) उक्त भंडारण प्रकार के बिजली के जल हीटर के न्यूनतम ऊर्जा निष्पादन स्तर को उन्नत बनाने के विचार से 1 जनवरी, 2023 से सारणी 3.4 में विनिर्दिष्ट 1 स्टार के लिए 200 लीटर की रेटिड क्षमता वाले भंडारण प्रकार के बिजली के जल हीटर पर विवरणों के संप्रदर्शन के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। "

[फा. सं. 10/7/2022-ईसी]

अजय तिवारी, अपर सचिव

**टिप्पण:** ऊर्जा संरक्षण अधिनियम,2001, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, धारा 3, उप-धारा (ii) में, अधिसूचना संख्या एस.ओ. 2902(ई), दिनांक 8 सितंबर, 2016 द्वारा प्रकाशित किया गया था और इसमें अंतिम संशोधन एस.ओ. 4208 (ई), दिनांक 11 अक्तूबर, 2021 द्वारा किया गया था।

## MINISTRY OF POWER

## NOTIFICATION

New Delhi, the 9th December, 2022

**S.O. 5776(E).**—In exercise of the powers conferred by clause (a) of section 14 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), the Central Government, in consultation with the Bureau of Energy Efficiency, hereby makes the following further amendments in the notification of the Government of India in the Ministry of Power, number S.O. 2902 (E), dated the 7th September, 2016, namely:-

In the said notification, in paragraph 3,-

(a) in sub-paragraph (1), after Table 3.3, the following Table shall be inserted, namely:-

**"TABLE 3.4**

**Star Rating Plan Validity (from 1st January, 2023 to 31st December, 2025)**

| Rated Capacity (Liters) | 1 star | 2 star | 3 star | 4 star | 5 star |
|---|---|---|---|---|---|
| | Standing Losses (kWh/24 hour/45°C) | | | | |
| 6 | ≤0.426 &> 0.387 | ≤0.352 &> 0.320 | ≤ 0.320 &>0.291 | ≤ 0.291 &> 0.265 | ≤ 0.265 |
| 10 | ≤0.485 &> 0.441 | ≤0.441 &> 0.401 | ≤ 0.401 &>0.365 | ≤ 0.365 &> 0.332 | ≤ 0.332 |
| 15 | ≤ 0.558 &> 0.507 | ≤0.507 &> 0.461 | ≤ 0.461 &> 0.419 | ≤ 0.419 &> 0.381 | ≤ 0.381 |
| 25 | ≤0.680 &> 0.618 | ≤0.618 &> 0.562 | ≤ 0.562 &>0.511 | ≤ 0.511 &> 0.465 | ≤ 0.465 |
| 35 | ≤0.777 &> 0.706 | ≤0.706 &> 0.642 | ≤ 0.642 &>0.584 | ≤ 0.584 &> 0.531 | ≤ 0.531 |
| 50 | ≤0.898 &> 0.816 | ≤0.816 &> 0.742 | ≤ 0.742 &>0.675 | ≤ 0.675 &> 0.614 | ≤ 0.614 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 70 | ≤ 1.019 &> 0.926 | ≤0.926 &> 0.842 | ≤ 0.842 &> 0.766 | ≤ 0.766 &> 0.697 | ≤ 0.697 |
| 100 | ≤1.164 &> 1.058 | ≤1.058 &> 0.962 | ≤ 0.962 &> 0.875 | ≤0.875 &>0.796 | ≤ 0.796 |
| 140 | ≤1.310 &> 1.191 | ≤1.191 &> 1.083 | ≤ 1.083 &> 0.985 | ≤ 0.985 &> 0.896 | ≤ 0.896 |
| 200 | ≤1.456 &> 1.323 | ≤1.323 &> 1.203 | ≤ 1.203 &> 1.088 | ≤ 1.088 &> 0.984 | ≤ 0.984**;** |

(b) for sub-paragraph (2), the following sub paragraph shall be substituted, namely:-

"(2) The permission for display of particulars on storage type electric water heater up to the rated capacity of 200 litres for 1 Star specified in Table 3.4 shall not be permitted from the 1st day of January, 2023 with a view to upgrade the minimum energy performance level of such storage type electric water heater".

[F. No. 10/7/2022-EC]

AJAY TEWARI Addl. Secy.

**Note:** The Energy Conservation Act, 2001 was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii) vide notification number S.O. 2902(E), dated the 8th September, 2016 and subsequently amended vide notification number S.O.1385 (E) dated the 2nd May, 2017, S.O. 6308(E), dated the 24th December, 2018, S.O. 4486(E), dated the 10th December, 2020 and S.O. 4208 (E) dated 11th October 2021.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. MANOJ KUMAR VERMA

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 344] | नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 8, 2016/भाद्र 17, 1938 |
| No. 344] | NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 8, 2016/BHADRA 17, 1938 |

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 सितम्बर, 2016

**सं. बीईई/एस एण्ड एल/वॉटर हीटर/3/2015-16.—**प्रारूप विनियमों, अर्थात् ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्टेशनरी भंडारण प्रकार के विद्युत् जल हीटर पर प्रदर्शन के विवरण और विधि) विनियम, 2016, 4 जनवरी, 2016 को अधिसूचना संख्या बीईई/एस एण्ड एल/वॉटर हीटर/3 द्वारा ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 58 की उपधारा (1) के अधीन यथा: अपेक्षित उन व्यक्तियों से, राजपत्र में उक्त अधिसूचना के प्रकाशित होने की तारीख से पैंतालीस दिन की अवधि के अंदर आपत्तियां या सुझाव आमंत्रित करने के लिए प्रकाशित किए गए हैं; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है;

और उक्त प्रारूप विनियमों की प्रतियां जनता के लिए 4 जनवरी 2016 को उपलब्ध कराई गई थी;

और इस विषय में प्राप्त सुझावों पर विचार किया गया है;

अत: अब, केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से ब्यूरो उक्त अधिनियम की धारा 58 की उपधारा (2) खण्ड (i) के साथ पठित धारा 14 के खण्ड (घ) और धारा 13 की उपधारा (2) के खण्ड (ढ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :-

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—**(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (भंडार किस्म के जल हीटर के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति), विनियम, 2016 है।

(2) ये राजपत्र में उनके अंतिम प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

**2. परिभाषा.—** (1) इन विनियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 अभिप्रेत है;

(ख) "प्ररूप" से इन विनियमों से उपाबंध प्ररूप अभिप्रेत है;

(ग) "लेबल" से जल के हीटर पर चिपकाया गया या प्रदर्शित लिखित, मुद्रित, चिह्नित, मुहर लगी या ग्राफिक सामग्री अभिप्रेत है;

(घ) "लेबल अवधि" से अधिनियम की धारा 14 के खंड (क) के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट ऊर्जा हानि मानक के अधीन स्थायी हानि की विधिमान्यता अवधि अभिप्रेत है और यदि स्थायी हानि की विधिमान्यता की अवधि की अंतिम अवधि विनिर्दिष्ट नहीं की गई है, इस अवधि को केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट नए मूल्यों तक विधिमान्य मानी जाएगी;

(ङ) "मॉडल या मॉडलों के परिवार" से किसी विशिष्ट ब्राण्ड का मॉडल या मॉडलों की श्रेणी है जिसके संबंध में परीक्षण रिपोर्टों का एकल समुच्चय लागू है और जहां प्रत्येक मॉडल के समान भौतिक लक्षण, स्थायी हानि, ऊर्जा कुशलता स्तर और निष्पादन विशिष्टताएं समान अभिप्रेत हैं;

(च) "अनुज्ञाधारक" से ऐसे व्यक्ति या अभिकरण से है जिसे विनियम 7 के अधीन लेबल चिपकाने के लिए अनुज्ञा दी गई अभिप्रेत है;

(छ) "स्टार रेटिंग या स्टार स्तर से जल हीटर की ऊर्जा निष्पाद को ध्योतित करने के लिए अधिनियम की धारा 14 के खंड (क) के अधीन अधिसूचित विद्युत भंडारण जल हीटरों के स्तर पर प्रदर्शित स्थायी हानि (कि. वॉ. घं./ 24 हार्स/ 45 से) की श्रेणी अभिप्रेत है।

(ज) "व्यापारी या विक्रेता" से ऐसा व्यक्ति जो जल हीटर की बिक्री या वितरण करता है और जिसके अंतर्गत ऐसे दुकानदार, व्यापारी, विनिर्माता और जल हीटर पर लेबल चिपकाने के लिए अनुमति प्राप्त अनुज्ञाधारक अभिप्रेत है।

(झ) "जल के हीटर" से अभिप्रेत है जो अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (ख) के अधीन अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट साधित्र है।

(2) यहां इसमें प्रयुक्त जो शब्द और अभिव्यक्तियां अपरिभाषित हैं किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, उनका अधिनियम में उन्हें क्रमश: दिया गया अर्थ ही होगा।

**3. लेबल पर प्रदर्शित किए जाने वाली विशिष्टियां.**—(1) प्रत्येक जल के हीटर पर, इसके लेबल पर निम्नलिखित विशिष्टियां प्रदर्शित की जाएगी, अर्थात्:-

(क) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का प्रतीक चिह्न;

(ख) उपकरण;

(ग) ब्रांड का नाम;

(घ) विनिर्माण या आयात का मॉडल का नाम, संख्या और वर्ष;

(ङ) रेटेड क्षमता (लीटर);

(च) रेटेड इनपुट पावर (कि. वॉ.) (वास्तविक जांच)

(छ) स्थायी हानि (कि. वॉ. घं. / 24 घंटे / 45 डिग्री से.) ;

(ज) लेबल की अवधि;

(झ) स्टार स्तर; और

(ञ) विशेष श्रृंखला कोड;

(2) लेबल का डिजाइन, रंग, आकार और अंतर्विष्ट इन विनियमों के साथ उपांबध अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट होगा।

4. **लेबलों के संप्रदर्श के लिए समय-सीमा.**—(1) विनियम 3 में विनिर्दिष्ट सभी विशिष्टियों वाला लेबल इन विनियमनों के लागू होने की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर प्रत्येक जल के हीटर पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(2) अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन लागू संशोधित ऊर्जा हानि मानकों के प्रारंभ होने पर और प्रारंभ होने से, प्रत्येक अनुज्ञाधारक या व्यापारी या विक्रेता सुनिश्चित करेगा कि –

क) विक्रय हेतु रखे गए जल हीटर, संशोधित ऊर्जा उपभोग मानकों के साथ सम्कालिक होते हुए संशोधित स्टार लेवल और संशोधित लेवल अवधि दर्शायेगा और जल हीटर का विनिर्माण वर्ष भी ऐसे संशोधित ऊर्जा उपभोग मानकों के समकालीन होगा, और जल हीटर का निर्माण पूर्ववर्ती ऊर्जा उपभोग मानकों के साथ नहीं करेगा।

ख) व्यौहारी, खुदरा व्यापारियों को जानकारी देने के लिए उनकी जागरूकता के साथ ही उपभोक्ताओं को शिक्षित करने के लिए अपेक्षित प्रचार-प्रसार सहित सभी प्रारंभिक उपाय इन विनियमों के अधीन ऐसे प्रारंभ की तारीख से छह माह पूर्व नियोजित किए जाएंगे।

5. **लेबल प्रदर्शित करने की रीति.**—(1) इकाई के सामने वाले सम्प्रदर्श पर लेबल लगाया जाएगा और यह विनियम 3 के उपविनियम (2) में सरलता से दिखाई देना चाहिए और अनुज्ञाधारक सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत इकाई या मॉडल पर पहचान के प्रयोजन के लिए सम्प्रदर्श में लेबल बिक्री या किराए के बिंदु पर दिखाई देता है और यह लेबल इकाई या मॉडल सहित केसिंग के बाहर मुद्रित या चिपकाया गया होगा।

(2) प्रदर्शित नहीं की गई इकाइयों के लिए लेबल इकाई या मॉडल सहित केसिंग के बाहर मुद्रित या चिपकाया जाए और यह लेबल इकाई या मॉडल पर लगाया जाए, जब इकाई या मॉडल को इसकी पैकिंग से बाहर निकाला जाता है या लेबल को ग्राहक या प्रयोक्ता को दिए जाने वाले दस्तावेज के भाग के रूप में सम्मिलित किया जाए।

6. **लेबल संप्रदर्शित करने की अनुज्ञा.**—(1) ब्यूरो की पूर्व अनुज्ञा के बिना विद्युत् जल के हीटर पर कोई स्टार नहीं चिपकाया जाएगा।

(2) उप- विनियम (1) के अधीन ब्यूरो की अनुज्ञा लेने के प्रयोजन के लिए, आवेदन प्ररूप - I में और इलेक्ट्रॉनिक प्ररूप में किया जाएगा:

परंतु जल के हीटर के प्रत्येक मॉडल के परिवार के लिए पृथक आवेदन किया जाए;

(3) उप- विनियम (2) के अधीन प्रत्येक आवेदन- पत्र के साथ निम्नलिखित संलग्न होंगे –

(क) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में दो हजार रुपए का आवेदन फीस अथवा भुगतान के किसी प्रतिग्राहय इलेक्ट्रॉनिक ढंग में देय होगा;

(ख) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में देय एक लाख रुपए की लेबल जमानत राशि; मांग पत्र या भुगतान के किसी प्रतिग्राहय इलेक्ट्रॉनिक ढंग में:

परंतु, लघु उद्योग के मामले में, जमानत राशि केवल पच्चीस हजार रुपए होगी-; और

(ग) यथा: विनिर्दिष्ट दस्तावेज प्ररूप।

**7. अनुज्ञा प्रदान करना.**—(1) विनियम 6 के अधीन कोई आवेदन प्राप्त होने पर और इससे संतुष्ट होने पर कि इसमें दी गई सभी अपेक्षाओं का पालन किया गया है, ब्यूरो ऐसी प्राप्ति की तारीख से एक मास की अवधि के भीतर, विनियम 8 में यथा: विनिर्दिष्ट निबंधनों एवं शर्तों के अध्यधीन जल के हीटर पर प्ररूप-2 या इलेक्ट्रॉनिक प्ररूप में लेबल चिपकाने के लिए अनुज्ञा प्रदान कर सकता है।

(2) ब्यूरो, प्ररूप -3 में रजिस्टर बनाकर रखेगा और इसमें अनुज्ञाधारक के नाम प्रविष्ट करेगा, जिसके एक डेटा बेस का भी रखरखाव किया जाएगा।

(3) उप- विनियम (1) के अधीन इस प्रकार प्रदत्त अनुज्ञा उस अवधि तक विधिमान्य होगी जो केन्द्रीय सरकार द्वारा धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन यथा: अधिसूचित ऊर्जा हानि मानक द्वारा स्टार स्तर के लिए विनिर्दिष्ट की गई है।

(4) अनुज्ञाधारक द्वारा अनुज्ञा के नवीकरण के लिए आवेदन छह मास के भीतर किंतु इस अवधि की समाप्ति से तीन मास पूर्व किया जाएगा। ऐसा आवेदन, अनुज्ञा की समाप्ति से कम से कम तीन मास पूर्व किया जाएगा और इसके साथ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में मांग पत्र के रूप में या इलेक्ट्रॉनिक ढंग में एक हजार रुपए का देय फीस होना चाहिए।

(5) विधिमान्यता की अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी आवेदन का नवीकरण नहीं किया जाएगा और अनुज्ञाधारक को नया आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(6) उप- विनियम (4) के अधीन नवीकरण के लिए, आवेदन-पत्र मिलने पर और सभी अपेक्षाओं का अनुपालन होने के संबंध में समाधान होने पर, ब्यूरो ऐसा आवेदन प्राप्त होने की तारीख से एक मास की अवधि के भीतर प्ररूप-2 में अनुज्ञा का नवीकरण कर सकता है।

(7) जो अनुज्ञाधारक उस तारीख से जल के हीटर के मौजूदा मॉडल पर लेबल चिपकाने को जारी रखने की अनुज्ञा की मांग करता है, जिस तारीख से संशोधित स्टार स्तर लागू हुआ है, केवल प्ररूप 4 में एक घोषणा प्रस्तुत करेगा।

(8) यदि विद्युत् जल के हीटर के नए मॉडल की योजना संशोधित स्टार स्तर के साथ समक्रमण कर शुरू करने की है तो अनुज्ञाधारक को नया लेबल चिपकाने की अनुज्ञा लेगा और ऐसी अनुज्ञा के लिए आवेदन संशोधित स्टार स्तर के लागू होने से छह मास पूर्व किया जाए।

**8. लेबल पर विशिष्टियां प्रदर्शित करने के लिए निबंधन और शर्तें.**—प्रत्येक अनुज्ञाधारक और व्यापारी और विक्रेता निम्नलिखित निबंधनों एवं शर्तों का पालन करेगा, अर्थात:-

(क) जल के हीटर के लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केंद्रीय सरकार अधिसूचित जल के हीटर के लिए ऊर्जा हानि मानकों के अनुरूप होंगे।

(ख) यह लेबल जल के हीटर के ऐसे मॉडलों पर ही चिपकाया जाएगा जिसके लिए अनुज्ञा प्रदान की गई है।

(ग) लेबल को अनुज्ञाधारक की लागत पर मुद्रित और जल के हीटर पर चिपकाया जाएगा।

(घ) अनुज्ञाधारक, व्यापारी और विक्रेता यह सुनिश्चित करेगा कि जल के हीटर पर लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर हर समय बना रहेगा।

(ङ) अनुज्ञाधारक विनियम 9 में यथा: विनिर्दिष्ट लेबल फीस का भुगतान करेगा।

(च) अनुज्ञाधारक ब्यूरो को विशिष्टियां देय करेगा जिसमें लेबल लगे उपस्करों को बनाने का ब्यौरा और वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अंत में निम्नलिखित मास के भीतर प्रत्येक तिमाही के लिए देय प्रोद्भूत लेबलिंग फीस की विशिष्टियां हो।

(छ) अनुज्ञाधारक, ब्यूरो को अपने लेबल लगे उत्पादों की बिक्री के लिए नियुक्त प्रत्येक वर्ष की 30 अप्रैल या उससे पहले अधिकृत वितरकों, व्यपारियों और थोक विक्रेताओं एवं विक्रेताओं की सूची देगा।

(ज) अनुज्ञाधारक, व्यापारी और विक्रेता ऐसे अन्य निबंधनों एवं शर्तों का पालन करेंगे जो ब्यूरो द्वारा, मानक और लेबलिंग के संबंध में ब्यूरो की निर्देशिका में अंतर्विष्ट निबंधनों और शर्तों सहित विनिर्दिष्ट किए गए हों।

**9. लेबल फीस.—**(1) प्रत्येक अनुज्ञाधारक, ब्यूरो को विद्युत् जल के हीटर पर प्रत्येक चिपकाए गए लेबल के लिए दो रुपए की फीस का भुगतान करेगा।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट लेबल फीस, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख से एक मास के भीतर वार्षिक तौर पर संदत्त किया जाएगा:

